inext
www.inextlive.com — आई नेक्स्ट
Bareilly, Agra, Allahabad, Dehradun, Gorakhpur, Indore, Jamshedpur, Kanpur, Lucknow, Meerut, Patna, Ranchi and Varanasi | Vol 7, Issue 311
Bareilly, Thursday
9 February 2017

प्रतिभाओं को मिली कामयाबी की degree

» एसआरएमएस में इंजीनियरिंग का 16वां कान्वोकेशन प्रोग्राम

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (8 Feb): श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का 16वां कॉन्वोकेशन स्व. श्री राममूर्ति के 107 वें जन्मदिवस के मौके पर धूमधाम से मना. इस दौरान बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए, एमटेक और एमफार्मा के टॉपर्स को मेडल और डिग्री देकर सम्मानित किया गया. मेडल पाकर स्टूडेंट्स के चेहरे खिल उठे.

सफलता के लिए टिप्स

वेडनसडे को हुए कॉन्वोकेशन की शुरुआत एकेटीयू के वीसी प्रो. विनय कुमार पाठक, हर्ष मेहरोत्रा, एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति, सेकेट्री आदित्य मूर्ति ने किया. डीन एकेडमिक डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने कहा कि शिक्षा एक सतत प्रक्रिया है. चेयरमैन देवमूर्ति ने किहा कि सफल होने के लिए जीवन में धैर्य रखना बहुत जरूरी है. जीवन में जो भी कार्य करें, उसके लिए सबसे पहले लक्ष्य का निर्धारण करें, गुरुग्राम से आए प्राइवेट कंपनी के वाइस प्रेसीडेंट हर्ष मेहरोत्रा ने कहा कि यह दिन उनके लिए काफी महत्वपूर्ण है. क्योंकि इस दिन के लिए स्टूडेंट्स काफी मेहनत की है. एकेटीयू के प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि कॉन्वोकेशन किसी भी यूनिवर्सिटी और स्टूडेंट्स के लिए काफी महत्वपूर्ण दिन होता है. संस्था के चेयरमैन ने बीटेक में सबसे ज्यादा अंक पाने वाली दीपिका सक्सेना को 'श्री राममूर्ति गोल्ड मेडल' और 51 हजार रुपए नकद दिए. वहीं, दूसरे स्थान पर रहने वाले हिमांशु खत्री को 'श्री राममूर्ति सिल्वर मेडल' 41 हजार कैश और तीसरे नंबर पर रहने वाले शिवेन्द्र प्रताप सिंह को 'श्री राममूर्ति ब्रॉन्ज मेडल' 31 हजार का नकद दिया गया. इसके अलावा बीटेक में ऑल राउंडर स्टूडेंट हिमांशु खत्री को 'प्रेमप्रकाश गुप्ता चैरिटेबल फाउंडेशन गोल्ड मैडल' दिया गया. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ.

यादगार पल की सेल्फी तो बनती है.

छात्रा को डिग्री देते गेस्ट.